RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : सोमवार 15 जनवरी 2023 | वर्ष 05 | अंक 264 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## 'प्रधानमंत्री मोदी कह दें कि कांग्रेस अच्छी है, यह लोग उसका भी विरोध करेंगे', शिवसेना में शामिल होने के बाद बोले मिलिंद देवड़ा

पूर्व केंद्रीय मंत्री मिलिंद देवड़ा ने रविवार को शिवसेना में शामिल होने के बाद कांग्रेस नेतृत्व पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए कहा कि पार्टी अब वैसी नहीं है, जैसी पहले हुआ करती थी, जब मनमोहन सिंह ने आर्थिक सुधार शुरू किए थे। उन्होंने कहा कि अब पार्टी उद्योगपतियों, कारोबारियों को गाली देती है और उन्हें राष्ट्र-विरोधी कहती है।



### कांग्रेस उद्योगपतियों को गाली दे रही है

पूर्व केंद्रीय मंत्री देवड़ा ने कहा, "30 साल पहले जब मनमोहन सिंह वित्त मंत्री थे, तब कांग्रेस पार्टी ने आर्थिक सुधारों की शुरूआत की थी, लेकिन अब वह उद्योगपतियों और व्यापारियों को गाली दे रही है और उन्हें राष्ट्र-विरोधी कह रही है।" हालांकि, देवड़ा ने कांग्रेस के किसी नेता का नाम नहीं लिया, लेकिन जाहिर तौर पर उनका इशारा राहुल गांधी की ओर था, जो अक्सर अडाणी समूह की आलोचना करते हैं।देवड़ा ने कहा कि वह 'गेन'की राजनीति में विश्वास करते हैं, जो विकास, आकांक्षा, समावेशिता और राष्ट्रवाद के लिए है, न कि 'पेन'(दुख-दर्द) की, जिसे उन्होंने व्यक्तिगत हमलों, अन्याय और नकारात्मकता के रूप में वर्णित किया। देवड़ा का शिवसेना में स्वागत करते हुए शिंदे ने कहा कि डेढ़ साल पहले निर्णय लेने से पहले उनके भीतर भी इसी तरह के विचारों का मंथन चल रहा था जैसा कि देवड़ा ने रविवार को व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा, "किसी फैसले के हमेशा कुछ अच्छे या बुरे परिणाम होते हैं। हम सभी मिलकर काम करेंगे और लोगों की मदद करेंगे। हमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों को मजबूत करने की जरूरत है।"

### कांग्रेस छोड़ने का निर्णय लेना आसान नहीं था

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के आधिकारिक आवास 'वर्षा' में एक सभा को संबोधित करते हुए देवड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के पास देश के विकास के लिए एक दृष्टिकोण है। उन्होंने शिंदे को ऐसा मुख्यमंत्री बताया, जिनतक पहुंच बहुत आसान है। उन्होंने कहा, "कांग्रेस छोड़ने का निर्णय लेना आसान नहीं था, जिसके साथ देवड़ा परिवार 55 वर्षों से जुड़ा रहा। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को अच्छे लोगों की आवश्यकता है। यह शिंदे और लोकसभा सदस्य श्रीकांत शिंदे की राय है कि मैं उनके दृष्टिकोण का प्रतिनिधित्व कर सकता हूं और मुझ

### कांग्रेस और 2004 के कांग्रेस में बहुत फर्क है

देवड़ा ने कहा कि सुबह से बहुत लोगों से फोन आ रहा है। कांग्रेस से 55 साल रिश्ता क्यों तोड़ा। मैं पार्टी के सबसे कठिन समय में पार्टी का लॉयल हूं। आज का कांग्रेस और 2004 के कांग्रेस में बहुत फर्क है। कांग्रेस और यूबीटी मेरिट और योग्यता को महत्व देते तो सीएम एकनाथ और वह यहां नहीं होते। एकनाथ जी को एक बड़ा फैसला लेना पड़ा। उन्हें भी फैसला लेना पड़ा। आज कांग्रेस केवल पीएम मोदी का विरोध कर रही है। आज इस कांग्रेस का एक ही काम है जो पीएम मोदी कहेंगे या करेंगे। ये उसका विरोध करते। देवड़ा ने शिंदे की ओर इशारा करते हुए कहा, "मैं एक बात बताना चाहता हूं, जब कांग्रेस कठिन दौर से गुजर रही थी, तब मैं उसके प्रति वफादार था। मैं 2004 में कांग्रेस में शामिल हुआ। अगर कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) ने रचनात्मक सुझावों और योग्यता पर ध्यान केंद्रित किया होता, तो हम यहां नहीं बैठे नहीं होते।" शिंदे ने उद्धव ठाकरे के खिलाफ जून 2022 में बगावत कर दी थी, जिससे शिवसेना विभाजित हो गई।

## मॉब लिंचिंग में मारे गए तीन साधुओं के परिजनों को सीएम शिंदे ने दी आर्थिक मदद... सौंपा 5-5 लाख रुपये का चेक

### 2020 में मॉब लिंचिंग में मारे गए लोगों के परिवारों को सौंपा चेक



**पालघर :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने 2020 में पालघर जिले में भीड़ द्वारा मारे गए दो साधुओं सहित तीन लोगों के परिजनों को 5-5 लाख रुपये के चेक सौंपे। उन्होंने शनिवार को विरार में एक समारोह में भाग लेने के दौरान पीड़ित परिजनों को चेक सौंपा।

### कोविड के दौरान पीट-पीटकर हत्या

साधु कल्पवृक्ष गिरि महाराज (70), सुशील गिरि महाराज (35) और उनके ड्राइवर नीलेश तेलगड़े (30) कोविड लॉकडाउन के दौरान गढ़ चिंचोली गांव से गुजर रहे थे, तभी भीड़ ने पीट-पीटकर उन लोगों की हत्या कर दी थी। यह मामला उस समय राष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियां में बना रहा था और कथित तौर पर 500 लोगों की भीड़ का हिस्सा रहे कई लोगों को गिरफ्तार भी किया गया था। गिरफ्तार किए गए लोगों पर अब भी मुकदमा चल रहा है।

### शिवसेना ने अपने राहत कोष से दी मदद

इस अवसर पर शिंदे ने कहा कि तत्कालीन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने कभी भी इन तीन व्यक्तियों के परिजनों से मिलने की जहमत नहीं उठाई। शिंदे ने कहा कि उनकी शिवसेना ने अब उन्हें अपने कोष से सहायता दी है।

## ठाणे में ट्रैफिक पुलिस से मारपीट
### आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज

**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे शहर में यातायात पुलिस के एक कर्मी से मारपीट करने के आरोप में एक वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि आरोपी ने सड़क पर इस तरीके से अपनी कार खड़ी की थी कि उसके कारण यातायात बाधित हो रहा था। उन्होंने बताया कि यातायात पुलिसकर्मी ने आरोपी से अपना वाहन हटाने को कहा, लेकिन वाहन चालक ने उस पर कथित तौर पर हमला कर दिया। वर्तक नगर पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना 11 जनवरी को हुई। अधिकारी ने



कहा, "43 वर्षीय सहायक पुलिस निरीक्षक एक स्कूल के पास यातायात को नियंत्रित कर रहा था। आरोपी श्रीनिवास नायडू ने अपनी कार इस तरीके से खड़ी की थी कि उसके कारण यातायात बाधित हो रहा था। पीड़ित ने आरोपी से अपनी कार हटाने को कहा। उन्होंने कहा, "यातायात पुलिसकर्मी के निर्देश से नाराज होकर आरोपी ने उसे अपशब्द कहने शुरू कर दिए। स्थिति उस समय और बिगड़ गई जब उसने पुलिसकर्मी पर हमला कर दिया- उसे धक्का देकर नीचे गिरा दिया और उसका कॉलर पकड़कर उसे मुक्का मारा। अधिकारी ने बताया कि नायडू के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धाराओं 353 (लोक सेवक को उसके कर्तव्य के निर्वहन से रोकने के लिए हमला करना या आपराधिक बल का इस्तेमाल करना) और 504 (शांति भंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमान करना) के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपी को अभी गिरफ्तार नहीं किया गया है।

## मुंबई पुलिस ने किया फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़

### 10 लोग गिरफ्तार



**मुंबई :** मुंबई पुलिस ने यहां अंधेरी में एक अवैध कॉल सेंटर पर छापेमारी की और अमेरिकी नागरिकों को दवाओं की बिक्री के नाम पर कथित रूप से ठगने के लिए 10 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी के मुताबिक, अपराध शाखा ने शनिवार को अंधेरी में समिट बिजनेस बे नाम की कंपनी के परिसर में छापेमारी की और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 420 (धोखाधड़ी) और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की अन्य संबंधित प्रावधानों के तहत मुकदमा दर्ज किया। अधिकारी ने बताया कि जालसाज वीओआईपी कॉलिंग के माध्यम से अमेरिकी नागरिकों को कथित तौर पर निशाना बनाते थे और खुद को ऑनलाइन दवा कंपनी का प्रतिनिधि बनाते थे। उन्होंने बताया कि आरोपी, पीड़ितों से दवाओं का ऑर्डर लेते थे लेकिन उन्हें दवा नहीं पहुंचाते थे। अमेरिकी नागरिक इन आरोपियों को डॉलर में भुगतान किया करते थे। अधिकारी ने बताया कि अपराध शाखा ने छापेमारी के दौरान बिजली उपकरणों को जब्त कर लिया। उन्होंने बताया कि धोखाधड़ी की सीमा का पता लगाने के लिए मामले की जांच की जा रही है।




## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### सोशल मीडिया की पहेली

दुनिया भर के नियामकीय प्राधिकारों तथा नागरिक समाज की ओर से दबाव झेलने के बाद मेटा ने कहा है कि वह इंस्टाग्राम और फेसबुक का इस्तेमाल करने वाले किशोरों को नुकसान पहुंचाने में सक्षम सामग्री नहीं दिखाएगी। इस सोशल मीडिया नेटवर्क कंपनी ने यह कदम तब उठाया है जब उस पर आरोप लगा कि वह अपने प्लेटफॉर्मों को किशोरों के मानसिक स्वास्थ्य के लिए नुकसान पहुंचाने वाला और लत के समान बना रही है। करीब 33 अमेरिकी राज्यों ने व्हिसलब्लोअर्स द्वारा जारी आंतरिक अध्ययन रिपोर्ट के बाद यह आरोप लगाया। यूरोपीय आयोग ने मेटा से यह भी कहा कि वह इस बारे में जानकारी पेश करे कि आखिर वह बच्चों को ऑनलाइन मौजूद घातक सामग्री से बचाने के लिए क्या योजना बना रही है।

सोशल मीडिया की इस दिग्गज कंपनी ने कहा है कि वह ऐसी पोस्ट को किशोरों की फीड से हटाना चाहती है जो आत्महत्या, आत्मघात या खानपान की बीमारियों से संबंधित हैं। कंपनी ने कहा है कि अगर उपयोगकर्ता ऐसी सामग्री पोस्ट करने वाले वयस्कों को फॉलो करते होंगे तो भी वह उनकी फीड से ऐसी सामग्री को हटा देगी। कंपनी का यह कदम जाहिर तौर पर इन आशंकाओं की उपज है कि नियामक उस पर ऐसे प्रतिबंधात्मक कायदे लगा सकते हैं जो मेटा को किशोर उपयोगकताओं से संपर्क करने से रोक दें। बहरहाल, इस पहल का प्रवर्तन और निगरानी कई स्तरों पर कठिन हैं। ये प्लेटफॉर्म आयु की पुष्टि के लिए स्वप्रमाणन पर निर्भर करते हैं हालांकि सैद्धांतिक तौर पर कम उम्र के उपयोगकताओं को इनसे बचाया जाता है। फेसबुक और इंस्टाग्राम साइनअप के लिए न्यूनतम 13 वर्ष की आयु की शर्त रखते हैं और अल्पवय बच्चों को अकाउंट बनाने के लिए माता-पिता की सहमति की जरूरत होती है।

उन्हें खराब भाषा, बार-बार असभ्य भाषा, स्पष्ट रूप से यौनिकता वाले संवाद और/अथवा गतिविधि या ग्राफिक हिंसा और या ऐसे चित्रों से बचाया जाना अपेक्षित है। व्यवहार में देखें तो आयु के प्रमाणन की जरूरत को दरकिनार करके बच निकलना आसान है। तकनीक के इस्तेमाल में दक्ष युवा ऐसा करते हैं और वयस्कों के रूप में साइन अप कर लेते हैं। हालांकि ऐसा करना सेवा शर्तों का उल्लंघन है और इसके लिए उनके अकाउंट बंद किए जा सकते हैं। इंस्टाग्राम ने प्रतिबंधों को सख्त करते हुए यह व्यवस्था बनाई है कि 19 वर्ष से कम आयु के उपयोगकर्ता ऐसे किसी व्यक्ति को निजी संदेश नहीं भेज सकते जो उन्हें फॉलो नहीं करते। इसके अलावा ऐसा कोई व्यक्ति उनकी सामग्री को टैग या मेंशन नहीं कर सकता न ही रीमिक्स में उसका इस्तेमाल कर सकता है जिन्हें वे फॉलो नहीं करते। कम उम्र युवाओं और खातों के लिए संवेदनशील सामग्री से जुड़े नियंत्रण भी हैं।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# पालघर पुलिस मोक्का गैंग के सदस्यों को गिरफ्तार करने में सफल रही

**पालघर:** पालघर पुलिस ने मुंबई स्थित होटल मालिकों के एक गिरोह को पकड़ने में कामयाबी हासिल की है, जो चोरी, सेंधमारी, डकैती और अन्य अपराधों में शामिल थे और 2017 में मोक्का अपराध में शामिल थे। अपराध करते समय तकनीकी जांच का आधार न मिलने और चोरी के बाद वाहन की नंबर प्लेट बदल देने वाले इस गिरोह के चार में से तीन सदस्यों को पालघर पुलिस ने बोइसर इलाके से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है.

2 जनवरी को बोइसर में स्थानीय अपराध शाखा के पुलिस उप-निरीक्षक गणपत सुले और उनके सहयोगी गश्त कर रहे थे, जब वे एक वाहन की नंबर प्लेट निकाल रहे थे। उनसे पूछताछ करने के बाद,



उन्होंने वाहन की तलाशी ली और फर्जी नंबर प्लेट और रेडियम अक्षर, नंबर और नंबर प्लेट बनाने के लिए उपयोग की जाने वाली अन्य सामग्री, साथ ही वॉकी टॉकी, पेचकस, लोहे के कटर, चाकू, कटर आदि बरामद किए। टैगोर नगर विक्रोली के अंजन महंती (51), गोवंडी के श्रवण हेगड़े (45) और गोवंडी के सरोज अंसारी (26) को पुलिस ने हिरासत में लिया है और बोइसर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। इस संबंध में जांच के बाद पता चला कि इनमें से एक अपराधी तारापुर, बोइसर समेत मुंबई, पुणे के विभिन्न पुलिस स्टेशनों में दर्ज 44 मामलों में शामिल है। इसके अलावा इनमें से कुछ जुईनगर नवी मुंबई स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा से बगल के कॉरिडोर से सबवे पार कर हुई 3.5 करोड़ की चोरी में भी शामिल हैं। इन आरोपियों ने छह अपराधों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है और पुलिस ने इस चोरी का सामान भी बरामद कर लिया है.

2017 में मोक्का के तहत इस गैंग के खिलाफ कार्रवाई की गई थी. इस बीच, जेल में रहते हुए, यह पता चला कि वह आधुनिक तकनीक के बारे में अधिक जानकारी चुराने के लिए वॉकी टॉकी का उपयोग कर रहा है। पालघर के पुलिस अधीक्षक बालासाहेब पाटिल ने संवाददाताओं को बताया कि बोइसर की स्थानीय अपराध शाखा की सतर्कता के कारण एक बड़ी घटना टल गई। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि चोरी से पहले जांच में इस्तेमाल किए गए मोबाइल फोन और अन्य तकनीकी जांच श्रेड के माध्यम से उपलब्ध नहीं थी, लेकिन स्थानीय अपराध शाखा के प्रभारी पुलिस निरीक्षक अनिल विभुते और उनके सहयोगियों ने आगे की जांच में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अपराध में आरोपियों की.

## गायकवाड़ ने देवरा से फैसले पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया

## पटोले ने की आलोचना...





**मुंबई :** कांग्रेस की मुंबई इकाई की अध्यक्ष वर्षा गायकवाड़ ने रविवार को कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि पूर्व केंद्रीय मंत्री मिलिंद देवरा ने उस दिन पार्टी छोड़ी है जब राहुल गांधी की अगुवाई में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' हिंसाग्रस्त मणिपुर से शुरू हुई है। कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष नाना पटोले ने इसे 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' से ध्यान भटकाने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की साजिश बताया और ''दो बार का हारा उम्मीदवार'' बताकर देवरा पर तंज कसा। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चह्वाण ने कहा कि देवरा दक्षिण मुंबई लोकसभा सीट से चुनाव लड़ना चाहते हैं। गायकवाड़ ने एक वीडियो बयान में दक्षिण मुंबई से लोकसभा के पूर्व सदस्य से अपने फैसले पर पुनर्विचार करने का अनुरोध करते हुए कहा कि उनका परिवार और कांग्रेस परिवार एक साथ रहा है।

उन्होंने कहा, ''यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि देवरा ने इस्तीफा देने के लिए उस दिन को चुना जब 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' मणिपुर से शुरू हुई है। मैं उनसे अपने फैसले पर पुनर्विचार करने का अनुरोध करती हूं। कांग्रेस हमेशा उनके साथ खड़ी रही है।'' मुंबई के धारावी क्षेत्र से विधायक गायकवाड़ ने कहा, ''कांग्रेस पार्टी और मैं इस कदम से बहुत दुखी हैं। एआईसीसी प्रभारी और मैंने मिलिंद देवरा को समझाने की कोशिश की कि हम एक परिवार हैं और हमें साथ रहना चाहिए।''

पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस कार्यकारी समिति के सदस्य अशोक चह्वाण ने कहा कि देवरा दक्षिण मुंबई लोकसभा सीट से चुनाव लड़ना चाहते हैं लेकिन महा विकास आघाडी गठबंधन की इस पर सहमति बनी कि मौजूदा सांसद को ही टिकट देना चाहिए। चह्वाण ने से कहा, ''उन्हें कोई और मौका मिल सकता था। लेकिन पार्टी छोड़ना उनका फैसला है।'' अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के हाल में संयुक्त कोषाध्यक्ष नियुक्त किए गए देवरा ने दक्षिण मुंबई लोकसभा सीट पर उद्धव ठाकरे नीत शिवसेना (यूबीटी) द्वारा दावा जताए जाने पर असहमति जतायी थी। अविभाजित शिवसेना के अरविंद सावंत ने 2014 और 2019 के आम चुनाव में देवरा को हराया था। वह अब ठाकरे गुट के साथ हैं।

## 'दक्षिण मुंबई लोकसभा सीट पर नहीं होगा कोई समझौता'

## मिलिंद देवड़ा के इस्तीफे पर बोले संजय राउत...



**मुंबई :** मिलिंद देवड़ा ने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया है। मिलिंद देवड़ा द्वारा पार्टी से इस्तीफा देने के बाद शिवसेना (वइळ) सांसद संजय राउत ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि दक्षिण मुंबई सीट पर कोई समझौता नहीं होगा। दरअसल, मिलिंद देवड़ा ने दक्षिण मुंबई लोकसभा सीट पर उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना (यूबीटी) द्वारा ठोंके गए दावे को लेकर नाराजगी जाहिर की थी। जिसके बाद मिलिंद देवड़ा ने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया।

**मिलिंद देवड़ा के इस्तीफे पर बोले संजय राउत**

संजय राउत ने कहा कि हम कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मिलिंद देवड़ा को जानते हैं। बहुत बड़े नेता हैं, कांग्रेस के साथ उनका जो लगाव था, उनकी जो निष्ठा थी, हम बोलते थे कि उनका आदर्श रखिए कि पार्टी के लिए क्या करना चाहिए। कैसे त्याग करना चाहिए।

**दक्षिण मुंबई लोकसभा सीट पर नहीं होगा कोई समझौता- संजय**

संजय राउत ने रविवार को कहा कि दक्षिण मुंबई लोकसभा सीट पर कोई समझौता नहीं होगा। उन्होंने कहा कि अरविंद सावंत दो बार के सांसद हैं। उनके दोबारा चुनाव लड़ने में क्या गलत है? इस पर कोई समझौता नहीं होगा।

**दक्षिण मुंबई सीट से चुनाव लड़ना चाहते थे मिलिंद देवड़ा**

बता दें कि मिलिंद देवड़ा पूर्व केंद्रीय मंत्री दिवंगत मुरली देवड़ा के बेटे हैं। इससे पहले पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस कार्य समिति के सदस्य अशोक चव्हाण ने कहा था कि मिलिंद देवड़ा दक्षिण मुंबई सीट से चुनाव लड़ना चाहते थे।




# 26 वर्षीय महिला से सरकारी ठेकेदार ने ऑफिस और कार में किया रेप, डेटिंग ऐप से हुई थी पहचान

**महाराष्ट्रः** महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर शहर से एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है। जहां अपने पति से अलग हो चुकी 26 साल की एक महिला के साथ एक सरकारी ठेकेदार ने बार-बार बलात्कार किया। पीड़िता ने बताया कि आरोपी से उसकी पहचान एक डेटिंग ऐप पर हुई थी। सरकारी ठेकेदार ने ऑफिस में बुलाकर पहली बार बलात्कार किया और अश्लील वीडियो बना लिया। शिकायत के मुताबिक, आरोपी ने पीड़ित महिला को सिडको के करीब स्थित अपने ऑफिस में बुलाया था। जहां उसने महिला से रेप किया और उसकी अश्लील वीडियो और फोटो खींच ली। उसे वायरल करने की धमकी देकर पीड़िता को मुंह बंद रखने की धमकी दी। आरोपी का नाम अमोल विट्ठल पाटिल (उम्र 40 वर्ष) है। वह सिडको के टाउन सेंटर के पास रहता है।



पीड़िता की ओर से दर्ज शिकायत के मुताबिक, उसकी शादी फरवरी 2022 को एक मुस्लिम लड़के से हुई थी। हालाँकि, कुछ ही दिनों में उनमें झगड़ा हो गया और अप्रैल 2022 से वह उससे अलग होकर शहर में अकेले रहने लगी। एक प्राइवेट ट्यूशन में शिक्षिका के रूप में पढ़ाने लगी। इसी बीच उसने एक डेटिंग ऐप पर अकाउंट खोला। जहां उसकी पहचान आरोपी अमोल पाटिल से हुई। आरोप है कि पाटिल ने पीड़िता से कहा कि वह अपना बायोडाटा लेकर उसके ऑफिस मिलने आये। पीड़ित बायोडाटा लेकर उसके ऑफिस गयी। जहां पाटिल ने बातचीत में बताया कि उसकी पत्नी उसे छोड़कर नासिक में रहने लगी है। और वह अपने माता-पिता और भाई के साथ संभाजीनगर में रहता है। उसने पीड़िता से शादी करने की इच्छा जताई।

लेकिन पीड़िता ने शादी करने से इनकार कर दिया। इसके बाद अमोल ने ऑफिस में उसके साथ दुष्कर्म किया और उसकी अश्लील तस्वीरें और वीडियो बना लीं। उसने धमकी दी कि अगर उसने किसी को कुछ बताया तो उसे जिंदा नहीं छोड़ेगा। उसने डर की वजह से पुलिस में शिकायत नहीं दर्ज करवाई। शिकायत में यह भी कहा गया है कि पीड़िता को बेल्ट से पीटा भी गया। कथित तौर पर अमोल पाटिल ने महिला को अश्लील फोटो और वीडियो फैलाने की धमकी देकर बार-बार उसके साथ बलात्कार किया। उसने पीड़िता के साथ ऑफिस में कई बार बलात्कार किया। ब्लैकमेल कर सुनसान जगह पर ले जाकर कार में रेप किया। आखिरकार यौन उत्पीड़न से तंग आकर महिला ने एमआईडीसी सिडको पुलिस स्टेशन में 12 जनवरी को शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने दुष्कर्म का मामला दर्ज कर लिया है और जांच कर रही है।

## दोहरे हत्याकांड का फरार आरोपी कोलकाता से हुआ गिरफ्तार।

**मुंबई :** मुंबई के मालाड पश्चिम बांगुरनगर पुलिस स्टेशन की हद में मामूली विवाद बना हत्या का कारण। हत्यारे पति ने बेसबॉल बैट से पिट पिटकर पत्नी और सगे भाई को उतारा मौत के घाट। हत्या करने के बाद हत्यारा पति हुआ फरार। बांगुर नगर पुलिस ने कई टीम बनाकर 10 दिनों की कड़ी मेहनत के बाद हत्यारे पति ड्रेसन मार्कोस डिसा (40) को कोलकाता से किया गिरफ्तार। आरोपी पति ड्रेसन मार्कोस डिसा (40) ने प्रोपर्टी और गृह कलेश में की पत्नी और भाई की हत्या। मामला बांगुरनगर पुलिस स्टेशन की हद में 29 दिसंबर को प्लॉट नंबर 15 मार्कस हाउस पद्मानगर एवरसाइन मलाड पश्चिम में 9:40 से 12:52 के बीच हत्यारे का पत्नी और भाई से प्रॉपर्टी को लेकर मामूली विवाद हुआ। यह विवाद इतना बढ़ गया की। हत्यारे पति ने गुस्से में आकर बेसबॉल बैट से पत्नी चित्रा ड्रेसन डिसा (34) और भाई डेमियन मार्कोस दिशा (43) की जमकर पिटाई कर दी। आरोपी पिटाई करके वहा से फरार हो गया।

## हम आगजनी करने वाले नहीं, बल्कि मैचमेकर्स हैं..., हम मराठा समुदाय को आरक्षण देने के खिलाफ नहीं हैं - छगन भुजबल

**बीडः** 'हम मराठा समुदाय को आरक्षण देने के विरोध में नहीं हैं; लेकिन हमारी मांग है कि यह आरक्षण अलग से दिया जाना चाहिए,' खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री छगन भुजबल ने कहा. पिछले दिनों बीड में आगजनी की गई, घर जलाए गए. छत्रपति शिवाजी महाराज के नाम पर लोग आगजनी कर रहे थे. हम भड़कानेवाले नहीं, उकसानेवाले हैं; उन्होंने यह भी कहा कि हम आगजनी करने वाले नहीं, बल्कि मैचमेकर्स हैं. बीड में 'ओबीसी एल्गार मेलावा का आयोजन किया गया. इसी सभा में भुजबल बोल रहे थे. इस अवसर पर विधायक गोपीचंद पडलकर, महादेव जानकर, टी. पी. मुंडे, केशव अंधाले, लक्ष्मण गायकवाड़, समीर भुजबल मौजूद थे. भुजबल ने कहा, 'हम मराठा समुदाय को आरक्षण देने के खिलाफ नहीं हैं; लेकिन अभी तक हमें अपना हिस्सा नहीं मिला है.



भाईचारा, समानता हमारी परंपरा थी. छत्रपति शिवाजी महाराज की सेना में सभी वर्गों के लोग थे. बीड़ में क्षीरसागर परिवार का घर जला दिया गया. फिर भी विधायक संदीप क्षीरसागर मनोज जारांगे से मिलने पहुंचे. सुभाष राऊत के होटल जलाने के बाद हमने ओबीसी को संगठित करना शुरू किया. अगर आज गोपीनाथ मुंडे होते तो ये सारे सवाल नहीं उठते. मुंडे आज हमारे साथ नहीं हैं और ओबीसी को कई समस्याओं का सामना करना पड़ेगा. कई लोग हमारे विरोधियों को पैसे, कारें दे रहे हैं; लेकिन हम उन्हें उनकी जगह दिखाएंगे.'

**'ओबीसी को चौंकना नहीं चाहिए'**

भुजबल ने दोहराया कि मराठा समुदाय को ओबीसी श्रेणी में आरक्षण नहीं मिलेगा. उन्होंने कहा, 'मराठा आरक्षण प्रक्रिया में चार आयोग थे, उन्होंने आरक्षण को सामाजिक रूप से पिछड़ा बताकर खारिज कर दिया. सुप्रीम कोर्ट भी आरक्षण को खारिज कर चुका है. अब पहले आयोग ने घबराहट में इस्तीफा दे दिया. पता नहीं यह पिछड़ा आयोग है या मराठा आयोग. अगर आप हमारा आरक्षण मांगने लगेंगे तो हम उनके खिलाफ खड़े हो जायेंगे. मराठा नेताओं, सरकार हमें बताना चाहती है कि आप आरक्षण के खिलाफ नहीं हैं लेकिन हमारा ओबीसी आरक्षण प्रभावित नहीं होना चाहिए. सरकार द्वारा इनके लिए लाखों रुपए देकर यह फॉमूर्ला शिफ्ट किया जाता है. हमारा ओबीसी का मामला खड़ा है, उसका भी ख्याल रखें.

## मकर संक्रांति के बाद राज्य में ठंडी बढ़ने की उम्मीद



**मुंबई :** महाराष्ट्र में क्या ठंडी की विदाई हो गई है? एक तरफ उत्तर भारत में हाड़ कंपाने वाली सर्दी पड़ रही तो वहीँ दूसरी तरफ महाराष्ट्र में मौसम ने बड़ी करवट ली है। राज्यभर से ठंड जैसे गायब सी हो गयी है। बीते कुछ दिनों से मुंबई में तो पारा 35 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच रहा है। लेकिन अच्छी बात यह है कि राज्य में अभी ठंड की वापसी फिर होगी। मौसम विभाग (आईएमडी) ने बड़ी भविष्यवाणी की है।

मौसम विभाग के मुताबिक, अगले 72 घंटों के दौरान महाराष्ट्र में शुष्क मौसम बने रहने की संभावना है। अरब सागर में बनी चक्रवाती स्थिति के कारण प्रदेश में इस हफ्ते बेमौसम बारिश हुई। कई जिलों में बारिश से फसलों को नुकसान हुआ है। इस बीच, राज्य में फिलहाल कोई मौसमी सिस्टम सक्रिय नहीं है। इसके चलते अगले कुछ दिनों तक प्रदेश में आसमान साफ और शुष्क रहेगा। उत्तर से आने वाली ठंडी हवाओं के हावी होने पर मकर संक्रांति के बाद राज्य में ठंडी बढ़ने की उम्मीद है। हालांकि 15 जनवरी तक मौसम में अधिक बदलाव की उम्मीद नहीं है, लेकिन उसके बाद तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आ सकती है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के नवीनतम विस्तारित सीमा पूर्वानुमान के अनुसार, 19 जनवरी से महाराष्ट्र के अधिकांश शहरों में ठंडी हवा चलने की उम्मीद है। 19-25 जनवरी के दौरान पूरे महाराष्ट्र में तापमान औसत से काफी नीचे रहने की उम्मीद है। 19 जनवरी तक उत्तर मध्य मध्य महाराष्ट्र, पड़ोसी पश्चिम विदर्भ और पुणे सहित उत्तरी मराठवाड़ा क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान में केवल मामूली वृद्धि होगी।

इस बीच उत्तर भारत में शीतलहर का प्रकोप जारी है. मौसम विभाग ने कई राज्यों के लिए भीषण शीतलहर की चेतावनी जारी की है। 15 जनवरी तक दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ में बहुत अधिक सर्दी पड़ने की संभावना है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश, पूर्वी राजस्थान और पश्चिमी राजस्थान में 15 जनवरी तक शीतलहर चलने का अनुमान है।

वहीं, अगले दो दिनों में मध्य भारत के कई हिस्सों में न्यूनतम तापमान 2-3 डिग्री सेल्सियस तक गिरने की उम्मीद है। इस दौरान महाराष्ट्र में भी पारा लुढ़केगा। मुंबई में न्यूनतम तापमान धीरे-धीरे गिरकर 17 डिग्री तक पहुंचने की भविष्यवाणी मौसम विभाग ने की है। आज शहर के सांताक्रुज में 22 डिग्री और कोलाबा में 23 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया। जबकि अधिकतम तापमान दोपहर में 34 डिग्री के आसपास बना रहा।

## आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में साहूकार गिरफ्तार



**ठाणे :** पुलिस ने महाराष्ट्र के ठाणे जिले में 61 वर्षीय एक व्यक्ति को पीएफ ऋण चुकाने के लिए परेशान करके आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में एक साहूकार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि यह घटना पिछले महीने भिवंडी तालुका के काल्हेर में हुई थी। नारपोली पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने कहा, पीड़ित अशोक शंकर पाटिल ने यशवंत गायकवाड़ से पैसे उधार लिए थे। बाद में, गायकवाड़ ने पाटिल पर अपने पैसे वापस मांगने के लिए दबाव डालना और धमकी देना शुरू कर दिया। उन्होंने बताया कि लगातार दबाव से तंग आकर पाटिल ने 7 दिसंबर, 2023 को काल्हेर में जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे उनकी मौत हो गई। अधिकारी ने बताया कि गायकवाड़ के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 306 (आत्महत्या के लिए उकसाना) के तहत मामला दर्ज किया गया और उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि मामले की जांच जारी है।




# अग्नि सुरक्षा नियमों के उल्लंघन के मामले में हाई कोर्ट ने नगर निगम से कहा

## पैसा देकर गलतियां माफ नहीं की जा सकतीं



**मुंबई:** बोरीवली में एक यांत्रिक पार्किंग स्थल (स्टैक पार्किंग) द्वारा एक इमारत तक पहुंच को अवरुद्ध करने के कारण संभावित आग के खतरे पर उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को नगर निगम की प्रतिक्रिया पर कड़ी आलोचना की। साथ ही खड़ेबोल ने नगर निगम प्रशासन से यह भी कहा कि पैसे देने का मतलब यह नहीं है कि गलतियां माफ कर दी जाएंगी. न्यायमूर्ति गौतम पटेल और न्यायमूर्ति कमल खाता की पीठ ने यह भी कहा कि कानून में ऐसा कहीं नहीं है कि कम ऊंची इमारतों में रहने वालों की अग्नि सुरक्षा ऊंची इमारतों में रहने वालों की सुरक्षा से कम महत्वपूर्ण है। अग्नि सुरक्षा को केवल इसलिए नहीं छोड़ा जा सकता क्योंकि डेवलपर ने अतिरिक्त निर्माण के लिए अग्नि सुरक्षा प्रीमियम का भुगतान किया है।

संक्षेप में, प्रत्येक उल्लंघन, अतिक्रमण या सुरक्षा मानदंडों के उल्लंघन को भुगतान या जुर्माने से माफ नहीं किया जा सकता है। दरअसल, कोर्ट की भी राय थी कि ऐसा करना निंदनीय है।

न्यायमूर्ति पटेल की अध्यक्षता वाली पीठ ने इमारत के भूतल पर नेत्र क्लिनिक चलाने वाले एक नेत्र रोग विशेषज्ञ की याचिका पर सुनवाई करते हुए नगर निगम के रुख पर ध्यान दिया। याचिकाकर्ता ने अग्नि सुरक्षा और विभिन्न बिल्डिंग कोड के उल्लंघन में सात मैकेनिकल कैंटिलीवर पार्किंग स्थलों की मंजूरी को चुनौती दी है। याचिकाकर्ता ने दावा किया है कि इस पार्किंग स्थल के कारण इमारत के परिसर में फायर ब्रिगेड या एम्बुलेंस के प्रवेश के लिए कोई जगह नहीं बची है। नगर निगम ने इस आपत्ति को नजरअंदाज कर दिया और 2021 में मनमानी वैकेंसी की शर्त को माफ कर दिया. याचिकाकर्ता ने याचिका में यह भी कहा है कि नगर निगम के इस फैसले से उसके जीने के अधिकार में बाधा उत्पन्न हुई है. नगर निगम ने बताए गए बिंदुओं को नजरअंदाज कर दिया, जबकि फायर ब्रिगेड ने कोई आपत्ति नहीं जताई। इसके अलावा, डेवलपर ने प्रीमियम का भुगतान करने के बाद रिक्ति की शर्त रद्द कर दी।इसलिए, याचिकाकर्ता ने इस आधुनिक मैकेनिकल पार्किंग स्थल को हटाने या स्थानांतरित करने का आदेश देने की मांग की है।

# शिवाड़ी-न्हावाशेवा सी ब्रिज से पहले दिन 8,164 वाहनों ने की यात्रा...



**मुंबईः** शुक्रवार को मुंबई पारबंदर प्रोजेक्ट (शिवाड़ी-न्हावाशेवा सी ब्रिज) के उद्घाटन के बाद शनिवार सुबह 8 बजे सी ब्रिज को यातायात के लिए खोल दिया गया. पहले दिन (सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक) इस समुद्री पुल पर 8,164 वाहनों ने यात्रा की। हालांकि, एमएमआरडीए को रोड टैक्स से कितना राजस्व प्राप्त हुआ, इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) के अधिकारियों ने कहा कि चूंकि शनिवार को छुट्टी थी, इसलिए कई लोगों ने समुद्री पुल पर यात्रा का आनंद लिया। मुंबई और नवी मुंबई के बीच की यात्रा को 20 से 22 मिनट में पूरा करने के लिए एमएमआरडीओ ने 21.80 किलोमीटर लंबे शिवडी-न्हावाशेवा समुद्री पुल का निर्माण किया है और इस समुद्री पुल की लागत 17 हजार 400 करोड़ रुपये (वृद्धिशील लागत लगभग 21 हजार करोड़ रुपये) है। . इस लागत को वसूलने के लिए एमएमआरडीए ने इस समुद्री पुल पर यात्रा के लिए टोल शुरू किया है। शिवडी-गवन (चिर्ले) के बीच एक तरफ की यात्रा के लिए 250 रुपये का टोल देना होगा। दोहरी यात्रा के लिए 375 रुपये रोड टैक्स देना होगा. इस बात पर आपत्ति जताई जा रही है कि रोड टैक्स ज्यादा है. चूंकि रोड टैक्स मूल रूप से वसूला जाता है, इसलिए अब हर कोई इस बात पर ध्यान दे रहा है कि भविष्य में यात्रियों और ड्राइवरों की प्रतिक्रिया कैसी होगी।

इस बीच एक रिपोर्ट के मुताबिक इस समुद्री पुल से 2024 में 39 हजार 300 गाड़ियां दौड़ेंगी. यह भी दावा है कि 2032 तक 1 लाख 3 हजार गाड़ियां चलेंगी. अब ये दावा कितना सच है ये तो आने वाले वक्त में पता चलेगा. लेकिन शनिवार को पहले दिन शहरवासियों की ओर से अच्छी प्रतिक्रिया मिली है. एमएमआरडीए के मुताबिक, पहले दिन (सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक) सागरी सेतु पर 8,164 वाहनों ने सफर किया. इससे एमएमआरडीए को रोड टैक्स से कितना राजस्व प्राप्त हुआ इसकी जानकारी 24 घंटे बाद मिल जाती है। इसलिए पहले दिन के राजस्व की जानकारी रविवार को मिलने की संभावना है।

# कोल्हापुर में हमलावरों ने लॉज मालिक की गोली मारकर की हत्या



**कोल्हापुर :** महाराष्ट्र के शहर कोल्हापुर में पैसे के लेकर हुए विवाद में दो हमलावरों ने एक मकान मालिक की गोली मारकर हत्या कर दी। जिले की कारवीर तहसील के डोनवाडे गांव फाटा में रविवार देर रात कोल्हापुर-गगनबावड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग पर यह घटना हुई। कारवीर पुलिस के अनुसार राजमार्ग पर डोनवाडे फाटा में एक लॉज के मालिक चंद्रकांत अबाजी पाटिल (50) ने कारवीर तहसील के पास के खुपीर गांव के निवासी दो लोगों को कुछ नकदी दी थी और पैसे वापस करने के लिए लगातार मांग कर रहा था। मकान मालिक की रोज-रोज की मांग से गुस्साए दो संदिग्ध हमलावर मकान में आए और अपनी पिस्तौल से उसे गोली मार दी। इस घटना में मकान मालिक चंद्रकांत की मौके पर ही मौत हो गयी। सूचना मिलने के बाद कारवीर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और तलाशी अभियान चलाकर दो हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया, जिनकी अभी तक पहचान नहीं हो पायी है। घटना की जांच की निगरानी के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीलेश खतमोडे-पाटिल अन्य शीर्ष पुलिस अधिकारियों के साथ घटनास्थल पर मौजूद हैं।

# नालासोपारा के पास अवैध शराब की तस्करी पर कार्रवाई!



**नालासोपारा :** आबकारी विभाग की भरारी टीम ने वसई तालुका के नालासोपारा फाटा इलाके में नाकाबंदी की और दमन निर्मित विदेशी शराब की अवैध आवाजाही के खिलाफ कार्रवाई की। इस बार कार में 62 लीटर शराब जब्त की गयी. बुधवार (10वीं) रात को की गई कार्रवाई में चार लाख 70 हजार 400 रुपये का माल जब्त किया गया. इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है.

अवैध शराब तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए आबकारी विभाग की भरारी टीम ने बुधवार रात मुंबई-अहमदाबाद राजमार्ग पर नालासोपारा फाटा क्षेत्र में नाकाबंदी की थी। इसी दौरान टीम के जवानों को एक संदिग्ध कार दिखी. पुलिस ने संदिग्ध कार को रोककर जांच की तो कार में मिली सात पेटियों में 62.28 बल्क लीटर शराब मिली। कार्रवाई में कार समेत 4 लाख 70 हजार 400 रुपये का माल जब्त किया गया है.

जांच से पता चला कि आरोपी प्रकाशभाई पुरूषोत्तमभाई प्रजापति (उम्र 35) और रामाभाई वलजीभाई भरवाड (उम्र 34, दोनों वलसाड, गुजरात) के पास मिलावटी विदेशी शराब स्टॉक का परिवहन करते समय कोई लाइसेंस नहीं था। पालघर जिला उत्पाद शुल्क विभाग के अधीक्षक सुधाकर कदम, उपअधीक्षक बाबासाहेब भूतकर के मार्गदर्शन में भरारी दस्ते के निरीक्षक शंकर अंबरकर, उपनिरीक्षक पांडुरंग पडवाल, कांस्टेबल अमोल नलावडे, योगेश हरपाले, अनिल पाटिल ने कार्रवाई की.

# पुणे में 3 पुलिसकर्मियों ने की रोमांचक धरपकड़

## सुधीर सिंह हत्याकांड में 6 लोग गिरफ्तार




**वसई :** नालासोपारा में हुई सुधीर सिंह की हत्या मामले में पुलिस टीम ने अलग-अलग जगहों से 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है. पुणे में पेल्हार पुलिस के तीन पुलिसकर्मियों ने रोमांचक पीछा करने के बाद एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी एक सिलसिलेवार अपराधी है और हत्या पूर्वनिर्धारित नफरत के कारण की गई थी।

कांदिवली निवासी सुधीर सिंह (27) की गुरुवार रात कुछ बदमाशों ने धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दी। घटना नालासोपारा पूर्व के गवराईपाड़ा इलाके की है. आरोपियों की तलाश के लिए पेल्हार पुलिस और क्राइम ब्रांच की कई टीमें बनाई गईं। इस मामले में शनिवार को पेल्हार पुलिस ने 3, मध्यवर्ती क्राइम ब्रांच ने दो और क्राइम ब्रांच-2 की टीम ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया. आरोपियों की पहचान सूरज चव्हाण (25), अखिलेश सिंह (27), साहिल विश्वकर्मा (21), विकास पांडे (24) और सुरेंद्र पाल (27) के रूप में हुई है। इनमें से अखिलेश सिंह के पुणे के आनंदनगर में होने की जानकारी मिलने पर पेल्हार थाने की अपराध जांच शाखा के 3 पुलिसकर्मी वहां गए. लेकिन आरोपी भाग निकले। लेकिन पुलिस ने उसका रोमांचक पीछा किया। मृतक सुधीर सिंह एक कॉल सेंटर में काम करता था. उनका विकास पांडे से आर्थिक विवाद था. उसने अन्य साथियों की मदद से हत्याकांड को अंजाम दिया। पेल्हार पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक वसंत लब्धे ने बताया कि हत्या की साजिश के कारण इस मामले में धारा 120 (बी) बढ़ा दी गई है। अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है.

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : शॉप नंबर ४ , मदीना मेंशन, ८९ ए, कैडल रोड, अपोजिट बिल्लाबोंग स्कूल, माहिम पश्चिम, मुंबई ४०००१६ , महाराष्ट्र मोबाइल नं 998777 5650 व्हाट्सप्प नं 7977408589: Email-editor@rokthoklekhaninews.com